2022/320

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट | **बनाम** | **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री गोविन्दकरण राठौड पुत्र श्री धनकरण
जाति राठौड
निवासी 79 हनुवन्त बी, सेक्टर-बी,
बी.जे.एस. कॉलोनी जोधपुर।

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
तहसीलदार पिण्डवाडा

किस्म मुकदमा– अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005   मुकदमा नं. 5 वर्ष 2022

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
22.08.2022	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार पिण्डवाडा को दिनांक 24.03.2022, को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि तहसील पिण्डवाडा कार्यालय के क्षेत्राधिकार में आने वाली समस्त गांवों की कृषि प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन नियम 1970 के अन्तर्गत आने वाली समस्त गांवों की भूमियों के खसरा नम्बर एवं रकबों की सूची (अधीनस्थ समस्त ग्रामों की) प्रदान कराने से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं। मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार पिण्डवाडा को दिनांक 24.03.2022, को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि तहसील पिण्डवाडा कार्यालय के क्षेत्राधिकार में आने वाली समस्त गांवों की कृषि प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन नियम 1970 के अन्तर्गत आने वाली समस्त गांवों की भूमियों के खसरा नम्बर एवं रकबों की सूची (अधीनस्थ समस्त ग्रामों की) प्रदान कराने से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार पिण्डवाडा को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट को चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें । यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें । पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो । (डॉ. भॅवर लाल) जिला कलक्टर, सिरोही Signature Not Verified Digitally signed by Bhanwar Lal Date: 2023.03.01 13:43:31 IST Reason: SelfAttested	

Scanned with CamScanner